**अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में राष्ट्रीय खेल दिवस पर 'खेलो इंडिया संवाद 2026' का आयोजन**

27 अगस्त 2026 को अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ की NSS इकाइयों I, II एवं III द्वारा "खेलो इंडिया संवाद 2026" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। "खेल की बात PM के साथ" विषय पर आधारित यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में मेरा युवा भारत (MY Bharat) के राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत, युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC), नई दिल्ली तथा क्षेत्रीय निदेशालय NSS, नई दिल्ली के संयुक्त दिशा-निर्देशों एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिभागियों के पंजीकरण एवं MY Bharat की प्रेरणादायक खेल उपलब्धियों पर आधारित वीडियो के प्रदर्शन के साथ हुआ। सभागार में उस समय उत्साह का वातावरण बन गया जब माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का वर्चुअल संबोधन हुआ। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए एक स्वस्थ, अनुशासित एवं खेलप्रेमी राष्ट्र के निर्माण की दिशा में भारत के खेल तंत्र में हो रहे महत्वपूर्ण बदलावों पर प्रकाश डाला।प्रधानमंत्री जी के संबोधन के पश्चात कॉलेज की मॉडरेटर डॉ. मधु सिंगला ने स्थानीय कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. सी. एस. वशिष्ठ ने की तथा आयोजन का संचालन कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ. प्रियंका सहरावत के मार्गदर्शन में किया गया। प्रमुख उद्योगपति श्री रविंदर गर्ग, प्रबंध निदेशक, यूनिक ऑटो रबर उद्योग प्रा. लि., फरीदाबाद, मुख्य अतिथि के रूप में तथा स्थानीय फेंसिंग खिलाड़ी सुश्री पलक विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। दोनों अतिथियों को उद्योग एवं खेल क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए कॉलेज प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि श्री रविंदर गर्ग ने युवाओं के कौशल विकास, रोजगार क्षमता एवं आत्मनिर्भरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण बताया। सुश्री पलक ने आधुनिक खेल सुविधाओं

एवं जमीनी स्तर पर खिलाड़ियों के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विचार साझा किए।इसके पश्चात युवा संवाद (Yuva Samvaad) का आयोजन किया गया, जिसमें 200 से अधिक युवाओं ने भारत में खेलों के भविष्य को लेकर अपने विचार एवं आकांक्षाएँ साझा कीं। संवाद में पाँच प्रमुख विषयों–खेलों में युवाओं की भागीदारी, जमीनी स्तर पर खेल सुविधाओं एवं कोचिंग को मजबूत करना, उभरती खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना, खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना तथा 2036 ओलंपिक की मेजबानी की दिशा में भारत के खेल तंत्र को सशक्त बनाना–पर चर्चा की गई। साथ ही, स्पॉट QR कोड के माध्यम से विद्यार्थियों का MY Bharat पोर्टल पर डिजिटल पंजीकरण भी कराया गया। कार्यक्रम का समन्वय NSS कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. दीपमाला धनखड़ एवं सुश्री पूनम शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन नोडल अधिकारी डॉ. प्रियंका सहरावत के धन्यवाद ज्ञापन, राष्ट्रगान एवं सामूहिक छायाचित्र के साथ हुआ। यह आयोजन खेल, युवा सहभागिता, नेतृत्व और विकसित भारत के संकल्प को समर्पित एक यादगार अवसर रहा।